three months' notice. In view however of the opposition of the Staff Side of the National Council of the Joint Consultation Machinery, this matter is under further examination.

(d) Does not arise.

### U.P.S.C.

1218. SHRI P. VISWAMBHARAN: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) the number of Members in the Union Public Service Commission;

(b) the qualifications for appointment as a member of the U.P.S.C.;

(c) whether persons belonging to Kerala have ever been appointed as a member of the U.P.S.C.; and

(d) if so, their names and the period for which they have held office?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA): (a) Eight including the Chairman.

(b) No specific qualifications have been laid down. The Constitution provides that as nearly as may be one half of the members should be persons who at the dates of their respective appointments have held office for at least ten years either under the Government of India or under a State Government.

(c) Yes, Sir.

(d) Dr. A. Appadurai, who was appointed as a member with effect from the 9th December, 1964 held office till 15th March, 1967.

### International Tourist Centre at Kovalam

1219. SHRI P. VISWAMBARAN: Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether the designs and estimates for developing Kovalam into an International Tourist Centre have been finalised;

(b) if so, the total estimated cost of the Scheme and its main features; and

(c) when Government propose to start the construction of the Hotel India at Kovalam?

THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (DR. KARAN SINGH): (a) A detailed survey of the area, including study of the under-sea current, wind velocity and meteorological data has been undertaken, and some of the results are awaited. An Architect has been selected to design the sea-side resort on an integrated basis. His report is not complete yet.

(b) No firm estimates are available yet, but the expenditure on the Project is likely to be a little over Rs. one crore.

(c) Construction of the Hotel will be taken up as soon the Master Plan of the resort is finalised.

### दिल्ली पुलिस

1220 श्री रामावतार शास्त्री : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने संसद के पिछले सत्र के बाद दिल्ली पुलिस के कुछ कर्मचारियों को निलम्बित किया है और बर्खास्त किया है;

(ख) यदि हां, तो कितने कर्मचारियों को निलम्बित किया गया है और कितने कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया है; और

(ग) उन के निलम्बित किये जाने और बर्खास्त किये जाने के क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) और (ख). 13–5–68 से 17–7–68 तक की अवधि में दिल्ली पुलिस के कर्मचारियों की संख्या जो

दिल्ली प्रशासन द्वारा निलम्बित और पदच्युत किये गये हैं; इस प्रकार है :—

| | |
|---|---|
| निलम्बित | 31 |
| पदच्युत | 10 |

(ग) उन के निलम्बन/पदच्युत किये जाने के कारण उन की आपराधिक मामलों में गिरफ्तारी, दुराचरण, कर्तव्य परित्याग, महान अनुशासनहीनता, अवैध तोषण स्वीकार करना इत्यादि हैं ।

**मातृ भाषा में शिक्षण**

1221. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार ने हाई स्कूलों में ग़ैर-सरकारी भाषा विद्यार्थियों को, यदि उन की एक निश्चित संख्या हो, विभिन्न विषय उन को मातृ भाषा में पढ़ाने के बारे में एक योजना बना ली है ;

(ख) यदि हां, तो क्या बिहार सरकार ने बिहार के कुछ हाई स्कूलों में उर्दू, बंगाली आदि के माध्यम से शिक्षा देने के लिए आवश्यक प्रबन्ध कर लिये हैं;

(ग) यदि हां, तो ऐसे हाई स्कूलों के नाम तथा संख्या क्या है ;

(घ) क्या यह सच है कि बिहार सरकार के डाइरेक्टर आफ पब्लिक इन्स्ट्रक्शन ने उन अध्यापकों को वापिस उन के पदों पर भेजने के लिये आदेश जारी कर दिये हैं जिनको उक्त स्कूलों में उपरोक्त भाषाओं के माध्यम से शिक्षा देने के लिये प्रतिनियुक्ति पर लाया गया था;

(ङ) यदि हां, तो उपरोक्त भाषाओं के माध्यम से शिक्षा देने हेतु स्थायी प्रबन्ध किये बिना प्रतिनियुक्ति पर लाये गये अध्यापकों को वापिस भेजने में क्या औचित्य है; और

(च) क्या यह सरकार की नीति का उल्लंघन नहीं है ?

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) :** (क) से (च) सूचना एकत्रित की जा रही है और प्राप्त होते ही सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

**बांदा (उत्तर प्रदेश) में पुलिस की ज्यादतियां**

1222. **श्री जगेश्वर यादव :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ;

(क) क्या उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में पुलिस की ज्यादतियों के बारे में अधिसूचना विभाग ने कोई रिपोर्ट दी है ;

(ख) क्या यह सच है कि बांदा की पुलिस निर्दोष गरीब लोगों को झूठे आरोप लगा कर गिरफ्तार कर रही है और उन्हें परेशान कर रही है क्योंकि वे मुकदमेबाजी और जमानत की व्यवस्था नहीं कर सकते और इस प्रकार वे पुलिस को घूस देने के लिये मजबूर किये जाते हैं; और

(ग) क्या सरकार इस मामले की आसूचना विभाग द्वारा जांच करवायेगी ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) :** (क) ऐसा कोई प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ ।

(ख) और (ग) उत्तर प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि उन्हें बांदा जिले में पुलिस के विरुद्ध कुछ आरोप प्राप्त हुये हैं । आरोपों की उन के द्वारा जांच की जा रही है ।

**उत्तर प्रदेश हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड, इलाहाबाद**

1223. **श्री जगेश्वर यादव :** क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश हाई स्कूल तथा इंटरमिडियेट शिक्षा बोर्ड, इलाहाबाद, प्राइवेट